**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2302**
**उत्तर देने की तारीख 21 दिसम्बर, 2022**

## उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन योजना

**2302. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी:**
**श्री सुनील कुमार मंडल:**
**श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी:**

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दूरसंचार विभाग की डिजाइन संबद्ध प्रोत्साहन योजना (डीएलआई) और उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत आवेदन जमा करने वाली कंपनियों की संख्या का ब्यौरा क्या है और इन पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ख) क्या उक्त योजना को दूरसंचार उपकरण निर्माताओं और उन कंपनियों से जिन्होंने डिजाइन-संबद्ध विनिर्माताओं के रूप में आवेदन किया है और जो उत्पादन से जुड़े निर्माताओं के रूप में बने हुए हैं, से उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या सरकार वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान भारत में दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देने वाली उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के माध्यम से सफल हुई है; और

(ड.) यदि हां, तो उक्त योजना की प्रगति के लिए भावी पहलों सहित राज्य और संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**संचार राज्य मंत्री**
**(श्री देवुसिंह चौहान)**

(क) से (ग) दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु दिनांक 24.02.2021 को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) को अधिसूचित किया है जो दिनांक 01.04.2021 से लागू है। आवेदन दिनांक 04.06.2021 से 03.07.2021 तक आमंत्रित किए गए थे। दिनांक 14 अक्टूबर

2021 को 31 पात्र आवेदनों को अनुमोदन प्रदान किया गया था। डिजाइन आधारित विनिर्माण को शामिल करने के लिए दिनांक 01.04.2022 से लागू स्कीम के दिशा-निर्देशों को दिनांक 20.06.2022 को संशोधित किया गया है। आवेदन दिनांक 21.06.2022 से 25.08.2022 तक आमंत्रित किए गए थे। 14 वर्तमान कंपनियों को पहले से मौजूद प्रोत्साहन मिलता रहेगा। 32 आवेदन थे जिनमें से दिनांक 31 अक्टूबर, 2022 को 28 पात्र आवेदनों को अनुमोदन प्रदान किया गया था। वर्तमान में पीएलआई स्कीम के तहत पात्रता के आधार पर कुल 42 कंपनियों को अनुमोदित किया गया है। 42 कंपनियों में से 17 कंपनियां डिजाइन-आधारित विनिर्माण उत्पाद तैयार करते हैं।

इन 42 कंपनियों ने 4,115 करोड़ रुपए के निवेश, 2.45 लाख करोड़ रू. की अतिरिक्त बिक्री और स्कीम की अवधि तक 44,000 से अधिक रोजगार सृजित करने की प्रतिबद्धता दी है। आवेदकों की संख्या से दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों हेतु भारत को वैश्विक विनिर्माण हब बनाने को लेकर औद्योगिक जगत की प्रतिक्रिया का पता चलता है।

(घ) और (ड.) जी, हां। नेटवर्किंग उत्पादों और दूरसंचार को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 24.02.2021 को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम को अधिसूचित किया गया है और यह दिनांक 01.04.2021 से लागू है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 420 करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश किया गया है, 9,019 करोड़ रु. की बिक्री हुई है और 4,938 रोजगार सृजित हुए हैं। कंपनियों की राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची **अनुबंध** में दी गई है।

लोक सभा में दिनांक 21 दिसम्बर, 2022 को पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2302 के उत्तर में संदर्भित **अनुबंध**

राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र-वार पीएलआई लाभार्थी

| **क्र.सं.** | **आवेदक का नाम** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार** |
|---|---|---|
| 1 | अल्फियोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | तमिलनाडु |
| 2 | कैंडिड ऑप्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड | उत्तराखंड |
| 3 | कॉमस्कोप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | गोवा |
| 4 | कोरल टेलीकॉम लिमिटेड | हिमाचल प्रदेश |
| 5 | डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग विस्टा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड | दिल्ली |
| 6. | डिक्सन इलेक्ट्रो एप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड | पंजाब |
| | | उत्तर प्रदेश |
| 7 | एहूमे आईओटी प्राइवेट लिमिटेड | उत्तर प्रदेश |
| 8 | एलकॉम इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड | पंजाब |
| 9 | फ्लेक्सट्रोनिक्स टेक्नोलॉजीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश |
| | | तमिलनाडु |
| 10 | फ्रॉग सेलसैट लिमिटेड | उत्तर प्रदेश |
| 11 | जीडीएन इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड | उत्तर प्रदेश |
| 12 | जीओआईपी ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | उत्तर प्रदेश |
| 13 | जीएक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | हरियाणा |
| 14 | एचएफसीएल लिमिटेड | हरियाणा |
| 15 | ह्यूबर+ सुहनेर इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड | हरियाणा |
| 16 | आईटीआई लिमिटेड | कर्नाटक |
| | | केरल |
| | | उत्तर प्रदेश |
| 17 | जबिल सर्किट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र |
| 18 | कायन्स इंटरनेशनल डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड | कर्नाटक |
| 19 | लेखा वायरलेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड | कर्नाटक |
| 20 | मैट्रिक्स कॉमसेक प्राइवेट लिमिटेड | गुजरात |
| 21 | नियोलिंक टेली कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश |
| 22 | नेटलिंक आईसीटी प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश |
| | | केरल |
| 23 | नेटवेब टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | हरियाणा |

| | | |
|---|---|---|
| 24 | नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | तमिलनाडु |
| 25 | पनाश डिजीलाइफ लिमिटेड | महाराष्ट्र |
| 26 | प्रियराज इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड | कर्नाटक |
| 27 | राइजिंग स्टार्स हाई-टेक प्राइवेट लिमिटेड | तमिलनाडु |
| 28 | समृद्धि ऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटेड | उत्तराखंड |
| 29 | सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड | तमिलनाडु |
| 30 | सनमीना-एससीआई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | तमिलनाडु |
| 31 | संसाप टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड | उत्तर प्रदेश |
| 32 | सिक्स्थ एनर्जी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड | कर्नाटक |
| 33 | स्काईक्वाड इलेक्ट्रॉनिक्स एंड एप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड | तेलंगाना |
| 34 | सुरभी सैटकॉम प्राइवेट लिमिटेड | उत्तर प्रदेश |
| 35 | सिनेग्रा ईएमएस लिमिटेड | गोवा |
| 36 | सिर्मा एसजीएस टेक्नोलॉजी लिमिटेड | हरियाणा |
| | | तमिलनाडु |
| 38 | टेक्नीका इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | उत्तर प्रदेश |
| 39 | तेजस नेटवर्क लिमिटेड | कर्नाटक |
| 40 | तियांयिन वर्लटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | उत्तर प्रदेश |
| 41 | विहान नेटवर्क्स लिमिटेड | हरियाणा |
| 42 | वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड | हरियाणा |

****